SHRI S. RAMACHANDRAN PILLAI (Kerala): Sir, while associating myself with the sentiments expressed by my hon'ble colleague, Shri J. Chitharanjan, 1 would like to inform the House that the copra price is intimately connected with the economy of the country. There has been a drastic fall in the price of copra which is adversely affecting the livelihood of the people and the economy of Kerala. So, the Government should come forward to declare a support price to copra. That is all.

Withdrawal of security cover of some prominent political leaders by State Governments

श्री सतीश प्रधान : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको आभारी हूं कि आपने आज मुझे यहां बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने का मौका दिया। अलग अलग राजनीतिक नेताओं को सरकार की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाती है। कल रात जो मुझे जानकारी मिली, उसकी वजह से चिंताजनक स्थिति का निर्माण हुआ है। कल रात को मुझे मुंबई से यह जानकारी मिली कि शिव सेना प्रमुख श्रीमान बालासाहब ठाकरे को जो सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की गई थी, वह विदड्रा कर ली गई है। मैं इस सदन में सब को यह जानकारी देना चाहूंगा कि शिव सेना प्रमुख को महाराष्ट्र में पहले जब कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी, उसी समय से उनकी जान को खतरा है, इसके लिए उन्हें सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की गई थी। हम सभी जानते हैं कि शिव सेना प्रमुख के जो भी कुछ विचार अपने दिल में हैं, वह स्पष्ट रूप से सामने रखते है। पूरे देश में इस विषय में उन्होंने अपनी भूमिका बड़े स्पष्ट रूप से सामने रखी थी और आज भी रखते हैं। पूरे देश में अलग अलग जगहों पर बम विस्फोट हुए, उस विषय में भी उनकी भूमिका बहुत स्पष्ट रही। आतंकवादियों ने पूरे देश में जो आतंक मचा रखा हैं, उस विषय में भी उनके विचार बहुत स्पष्ट हैं और उन्होंने इस की बड़े स्पष्ट शब्दों में निंदा की। घुसपैठ करने वाले लोगों के बारे में भी उनकी भूमिका स्पष्ट रही है। इन सभी कारणों की वजह से आई0एस0आई0 जैसे आतंकवादियों को पुरुस्कृत करने वाले संगठनों ने बार बार जो हिट लिस्ट प्रस्तुत की है, उसमें उनका नाम ऊपर रखा गया है। पुलिस सूत्रों ने बार-बार जानकारी दी, वह देखने से पता चलता है कि जब मुंबई में शिवाजी पार्क में हमारा शिव सेना का सम्मेलन हुआ था, उस समय भी उनको मारने के लिए मानव बम का इंतज़ाम किया गया था। वह मानव बम पत्रकार कक्ष में जा कर बैठा था, यह जानकारी भी पुलिस के बाद में दी। अभी अभी चन्द दिन पहले मुम्बई बम कांड के मुकदमें में जो आरोपी थे उस अजब आदमी ने ऐलान किया कि जहां शिव सेना प्रमुख जी रहते हैं, उस मातुश्री बंगले के अंदर घुसकर हम उनको बाहर निकालकर उनके ऊपर कार्यवाही करेंगे। इस ढ़ंग

का भी उन्होंने ऎलान किया था । इस सब पार्श्वभूमि के बाद भी जब से महाराष्ट्र सरकार का पुनर्गठन हुआ, चुनाव के बाद कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस संगठन की सरकार वहां पर प्रस्थापित हुई तो उसके बाद तुरंत वहां के गृह मंत्री जी ने घोषणा की कि हम इनकी सभी सिक्योरिटी वापस ले लेंगे । तब यह मुद्दा उठाया गया था । आदरणीय गृह मंत्री जी के सभी सिक्योरिटी वापस ले लेंगे । तब यह मुद्दा उठाया गया था । आदरणीय गृह मंत्री जी के सामने यह विषय रखा गया । दूसरे सदन में इस विषय पर चर्चा हुई और आदरणीय गृह मंत्री जी ने तब बताया था कि किसी भी हालत में ऎसा नहीं होने देंगे । आदरणीय गृह मंत्री जी ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री जी के साथ बात की थी और महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री जी ने आश्वासित किया था गृह मंत्री जी को कि ऎसी कोई व्यवस्था नहीं होगी और वह सुरक्षा व्यवस्था कायम रहेगी । फिर भी कल रात को जो इन्फारमेंशन मिली है उसके मुताबिक यह विदड्रा कर ली गयी है ।

मेरे पास कुछ और जानकारी है । ऎसा क्यों हुआ जब मैंने यह जानकारी लेने की कोशिश की तो एक संशय मेरे सामने आया जिसको मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं । नवम्बर महीने में एक घटना हुई थी । इंडोनेशिया से एक रेनबो जहाज जापान की तरफ जा रहा था । रास्ते में उसका अपहरण हो गया और वह कराची की तरफ डाइवर्ट कर दिया गया । इस विषय की जानकारी दी गयी । हमारे कोस्ट गार्ड को भी इसकी जानकारी मिली । कोस्ट गार्ड ने जहाज को आइडेंटीफाई किया । उसका पीछा किया लेकिन कोस्ट गार्ड उनको रोक नही सका । इसके लिए हमारी इंडियन नेवी की मदद ली गयी । इंडियन नेवी के प्रहार नाम के जहाज ने इसको रोकने की कोशिश की और वह जहाज जब्त कर लिया गया । मुम्बई के येलो गेट पुलिस स्टेंशन के हवाले यह जहाज किया गया । तब पुलिस ने उसकी जो कीमत बतायी वह 162 करोड़ रुपए थी । लेकिन उसके बाद अचानक यह जहाज जल्दी छोड़ने की कुछ कार्यावाही हुई । कोर्ट के अंदर पहले 25 करोड़ की बैंक गारंटी देने की मालिक ने बात की थी । बाद में उसने 10 करोड़ की बैंक गारंटी देने की बात की । फिर बैंक गारंटी अलग हो गयी और सिर्फ बांड की बात चलने लगी । आखिर में एक करोड़ के बांड के ऊपर यह जहाज छोड़ दिया गया । मैं इसको थोड़ा सा विस्तार से बताना चाहता हूं । जब यह घटना घटी और पुलिस ने अपना जो बयान दिया था वह बदल दिया तब महाराष्ट्र के भूतपूर्व मुख्य मंत्री श्री नारायण राणे जी जो थे उन्होने इस विष्य पर कुछ बातचीत की और गृह मंत्री जी के ऊपर कुछ इल्जाम लगाए । गृह मंत्री जी ने उसका जिस ढ़ंग से जवाब देना था उन्होंने दिया होगा उस पर मुझे कोई आपत्ति करने की आवश्यकता नही है । लेकिन वैसा नहीं हुआ और वे सब शिव सेना प्रमुख,बाल ठाकरे जी के ऊपर क्षुद्र भावना से उनको टारगेट करके उनको निशाना बनाकर उनके जीवन हानि पहुंचाने लायक कार्यवाही कर रहे हैं । इसीलिए मैं सदन के माध्यम से आदरणीय

मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि आप तुरंत ही इस विषय में कार्यवाही करें। शिव सेना प्रमुख बाल ठाकरे जी को जो सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की गयी थी और उनके कुटुम्बियों को भी जो सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की गयी थी उस व्यवस्था की तुरंत तामील की जाए। उस पर अमल करें। वह किसी भी हालत में विदड्रा नहीं करनी चाहिए। यह आप तुरंत व्यवस्था करने की कोशिश करें यही मेरी विनती है।

SHRI GOVINDRAM MIRI (Madhya Pradesh): Sir, I associate myself. ...*(Interruptions)*...

SHRI NARENDRA MOHAN (Uttar Pradesh): I associate myself. ... *(Interruptions)*...

श्री सतीश प्रधान: सर, गृह मंत्री जी यहाँ हैं। **...(व्यवधान)...** मैं गृह मंत्री जी से विनती करना चाहता हूँ **...(व्यवधान)...** आप इस विषय पर जरा बता दें तो मैं बहुत आभारी रहूंगा। **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): I cannot compel him...*(Interruptions)*....The Home Minister is here, but I cannot compel him. *(Interruptions)*...

SHRI SATICHCHANDRA SITARAM PRADHAN:You cannot compel him, what when he is here, he can make a comment on this. ...*(Interruptions* सर, गृह मंत्री जी यहाँ हैं। **...(व्यवधान)...** मैं गृह मंत्री जी से विनती करना चाहता हूँ**...(व्यवधान)...** आप इस विषय पर जरा बता दें तो मैं बहुत आभारी रहूँगा। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसी) : नहीं, आपका नाम आ गया हैं। **...(व्यवधान)...**You have associated yourself, that't all. ...*(Interruptions)*... You have already associated, that is there... *(Interruptions)*... Please sit down. *(Interrputions)*

श्री नरेन्द्र मोहन : महोदय, मैं दो मिनट का समय लूंगा **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि) : नहीं-नहीं,बस और नहीं। **...(व्यवधान)...**

श्री नरेन्द्र मोहन : अगर राज्य सरकार राजनीतिक आधार पर सुरक्षा को हटायेगी तो उससे समस्या बढ़ेगी। **...(व्यवधान)...** यह एक गंभीर समस्या है। **...(व्यवधान)...** राज्य सरकारों को इस प्रकार के निर्देश दिए जाने चाहिए कि वे एक स्पष्ट नीति का पालन करें। सुरक्षा के संदर्भ में एक स्पष्ट नीति राज्य सरकारों की नहीं है। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि) : बस, अब हो गया । बैठिए । **...(व्यवधान)...**

I am not allowing anybody. It is over. I am not allowing anyone. *...(Interruptions)...* Please sit down*.....(Interruptions)...* Please sit down. *....(Interruptions)...* I am not allowing anyone*.....(Interruptions)..*

श्री सतीश प्रधान : महोदय, गृह मंत्री जी यहाँ हैं । यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है । यह सुरक्षा की व्यवस्था का मामला हैं । **...(व्यवधान)...** यह व्यक्तिगत मामला नहीं हैं । **...(व्यवधान)...** अगर शिव सेना प्रमुख को कुछ भी होता हैं तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या हम **...(व्यवधान)...** ऐसा कैसा हो सकता हैं?**...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI):I have told you that I cannot compel the Home Minister *...(Interruptions)...]* cannot compel him*....(Interruptions)...* Please take your seat.

श्री मोहम्मद आज़म खान (उत्तर प्रदेश) : यह एक राज्य का मामला नहीं हैं, सारे राज्यों के बारे में बहस होनी चाहिए । **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि) : बस, अब हो गया । अब हो गया । **...(व्यवधान)...** Please sit down*....(Interruptions)....*

Now, we will take up the Short Duration Disscusion. Mr. Kapil *Sibal...(Interruptions)....*

श्री सतीश प्रधान : सर, गृह मंत्री जी बोल रहे हैं तो उनको मौका दीजिए । **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): How many times do I have to say this? *(Interruptions)* Please listen. *...(Interruptions),..* The Minister is here. *...(Interruptions)....* Please take your seat. *...(Interruptions)...* Do you want to say anything? *...(Interruptions)* Please take your seat. Hindi. *...(Interruptions)...* Without my permission*...(Interruptions)* Please take your seat*.....(Interruptions)...* The Home Minister is saying something. *...(Interruptions)...*

श्री नरेन्द्र मोहन : आप को व्यवस्था तो दें । ऐसे मामलों पर कोई व्यवस्था तो दें । **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि) : एक मिनट बैठिए । **...(व्यवधान)...**
Please take your seat.

श्री मोहम्मद आज़म खान : उपसभाध्यक्ष जी, यह एक राज्य का मामला नहीं हैं ।

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है । वहाँ भी बहुत से लोगों की सुरक्षा हटाई गई हैं जो ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि) : वह तो आप बोल दिए , यह तो हो गया ...(**व्यवधान**)... Please take your seat (Intrruptions)

श्री मोहम्मद आज़म खान : देश के दूसरे राज्यों की भी यह समस्या हैं उसके बारे में भी यह जवाब दें । ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि) : नहीं-नहीं, हो गया । अब होम मिनिस्टर बोल रहे हैं । आप सुनिए । ...(**व्यवधान**)...

श्री मोहम्मद आज़म खान : महोदय, सुरक्षा हटाए जाने का मामला कई प्रदेशों का हैं । अगर महाराष्ट्र में सुरक्षा वापस किए जाने या जारी रखने की बात हैं तो दूसरे राज्यों में, जो बी.जे.पी. शासित राज्य हैं, वहाँ भी ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि) : बस ठीक हैं । ...(**व्यवधान**)... वह चीज़ मत बोलिए । ...(**व्यवधान**)... अब आपने अपनी बात तो बोल दी हैं । ...(**व्यवधान**)... बस अब हो गया । ...(**व्यवधान**)...

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : महोदय, आंतरिक सुरक्षा के संदर्भ में या किसी भी प्रमुख सांसद, प्रमुख नेता की सुरक्षा के संबंध में कोई भी बात मेरे ध्यान में दिलाई जाती हैं तो अगर उसका संबंध केन्द्र सरकार से होता हैं तो केन्द्र सरकार उस पर निर्णय लेती हैं । अगर प्रदेश सरकार से होता हैं तो प्रदेश सरकार से जानकारी प्राप्त करके फिर उनको आवश्यक सलाह दी जाती हैं । अभी –अभी दूसरे सदन में भी श्री बाल ठाकरे की सुरक्षा का सवाल खड़ा हुआ था । वहाँ पर सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि हम महाराष्ट्र की सरकार से संपर्क करके इस विषय में आवश्यक कार्यवाही करेंगे । माननीय सदस्य ने उत्तर प्रदेश की बात कही हैं । अगर आप किसी बात की ओर मेरा ध्यान दिलायेंगे तो मैं उत्तर प्रदेश सरकार से भी जानकारी प्राप्त करूंगा ।

THE VICE CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISl): That is all. Mr. Kapil Sibal...*(Interruptions)*...

श्री मोहम्मद आज़म खान : उपसभाध्यक्ष जी गृह मंत्री जी ...(**व्यवधान**)...

SHRI KAPIL SIBAL (Bihar): Mr, Chairman, Sir yesterday, ... *(Interruptions)*...

THE VICE CHAIRMAN (SHRI SANATAN BIS1): I am not allowing anybody. ..*(Interruptions)*... Please sit down. I am not allowing anybody. ..*(Interruptions)*... आप बोल दिए, होम मिनिस्टर बोल चुके हैं । **…(व्यवधान)…** नहीं-नहीं वैसा नहीं हो सकेगा । **…(व्यवधान)…**

श्री मोहम्मद आज़म खान : मेरे प्रश्न का गृह मंत्री जी ने उत्तर दिया हैं, इसलिए मैं आपकी जानकारी में लाना चाहूँगा कि उत्तर प्रदेश के मामलात पर जो पत्र गृह मंत्री को लिखा गया हैं उसकी एक्नॉलेजमेंट भी नहीं आई, जवाब देना तो दूर की बात रही ।

SHORT DURATION DISCUSSION

Failure of Government of India to discharge its Constitutional responsibility to protect secularism by not prevailing upon the State Government of Gujarat to withdraw the circular removing the ban imposed on the State Government employees in participating in the activities of R.S.S.-Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): That is all. Mr. Kapil Sibal. You should take care of your time.

SHRI KAPIL SIBAL (Bihar): Sir, as long as I am not interrupted, I have no problem.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): There will be no interruption from any side. Whoever wants to speak, he will take my permission. ...*(Interruptions)*...

SHRI NARENDRA MOHAN : (Uttar Pradesh): I am on a point of order, Sir. ...*(Interruptions)*....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI):: Please sit down.....*(Interruptions)*... Please sit down..... *(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. *(Interruptions)*... Please take your *seats...(Interruptions)....Please* take your seats. ... *(Interruptions)*... पॉइंट ऑफ ऑर्डर किस रूल के अंतर्गत हैं, यह बताइए न ।